Rajasthan Parika

स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन

स्टार्टअप का विषय वो हो जिसमें आपकी रुचि हो

उदयपुर. शहर के स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को कॉन्क्लेव हुआ। आई-स्टार्ट और स्टार्टअप चौपाल की ओर से हुए इस कार्यक्रम में युवा स्टार्टअप को विशेषज्ञों ने व्यवसाय में सफलता के गुर सिखाए। कार्यक्रम में विशेषज्ञों के सेशन व पैनल डिस्कशन हुए।

विभाग की संयुक्त निदेशक शीतल अग्रवाल ने बताया कि कॉन्क्लेव की शुरुआत में उदयपुर के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने एंटरप्रेन्योरशिप का सफर साझा किया। साथ ही सभी स्टार्टअप से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आप जिस विषय में अच्छे हो उसी में काम करें, सभी लोगों को अपने साथ लेकर चलें। इससे व्यापार में सफलता अवश्य मिलेगी। चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने इस सत्र का संचालन किया। इसके बाद एंटरप्रेन्योरशिप : अपॉर्चुनिटी एंड रोड्स अहेड विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें टाई, उदयपुर के प्रेसिडेंट विनय राठी, मारवाड़ी कैटलिस्ट (एमकेट्स) के संस्थापक सुशील शर्मा तथा आई-स्टार्ट के प्रतिनिधि धवल सिंघल ने चर्चा की। उमंग पुरोहित, जमील खान तथा अमित पुरोहित ने योजनाओं की जानकारी दी। अंत में एसीपी मनोज बिश्नोई ने सभी का आभार जताया।